

# संघ का पथ संचलन निकला

## गूंजे राष्ट्रभक्ति के जयघोष

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 15अक्टूबर।** राष्ट्रीयता, देशभक्ति, अनुशासन, त्याग और समर्पण के प्रतीक राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने और शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को सतनवाड़ा उपखंड में विशाल एवं भव्य पथ संचलन निकाला गया।

संचलन में लगभग 500 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया, जिन्होंने अनुशासन, उत्साह और गरिमा के साथ कदमताल करते हुए संपूर्ण सतनवाड़ा ग्राम में ढोल-नगाड़ों की धुन पर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने फूल वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और राष्ट्रभक्ति के जयघोषों से वातावरण गूंज उठा। पथ संचलन का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सामाजिक समरसता, सद्भावना और संगठन की भावना को जनमानस में जागृत करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत शस्त्र पूजन के साथ हुई। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में शनि देव मंदिर के महंत श्री लहरी बाबा जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संघ के मुख्य वक्ता ने स्वयंसेवकों और उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए त्याग, समर्पण, समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर प्रेरक विचार रखे।

# बच्चों को सिखाया सही तरीके से हाथ धोना, बच्चों में जोश और जागरूकता का संगम

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 15 अक्टूबर।** वैश्विक हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर शक्तिशाली महिला संगठन समिति (एस.एम.एस.एस.), शिवपुरी द्वारा जिला प्रशासन एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय कमलागंज के सहयोग से एक प्रेरणादायी हाथ स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता की आदतें विकसित करना और संक्रमण से बचाव हेतु सही तकनीक से हाथ धोने की विधि सिखाना था। यह आयोजन प्रधान अध्यापक व शिक्षकों के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजेश गोयल एवं एच.एम. अनिल निगम के निर्देशन में किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाएँ – अरुणा मिश्रा, रचना गुप्ता, पुष्पलता मीना, सुनीता शर्मा, आशा शर्मा, रितु खरे, नम्रता श्रीवास्तव, सुधा, सेहनाज एवं नूतन – ने अपनी उपस्थिति और सक्रिय



सहयोग से बच्चों को व्यवहारिक सीख दी।

शिक्षक महेन्द्र वर्मा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा-स्वच्छता अपनाओ, रोग भगाओ। इस अवसर पर विद्यालय के 150 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बालिकाएँ मायरा और नैंसी ने सुमन कुमारी की तकनीक के आधार पर सही तरीके से हाथ धोने का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अभ्यास किया। बच्चों ने सामूहिक रूप से नारा लगाया-साबुन से हाथ धोएँ रोज़, स्वच्छ रहें हम हर रोज़।

सामाजिक कार्यकर्ता रवि गोयल ने बच्चों को हाथ धोने के पाँच आवश्यक चरणों की व्यावहारिक डेमो के साथ जानकारी दी – स्वच्छ हाथ, स्वस्थ जीवन की कुंजी हैं। हर बच्चा अपने घर का स्वच्छता दूत बने, यही सच्चा 'स्वच्छ भारत' है। यह पहल जिला प्रशासन शिवपुरी और शासकीय माध्यमिक विद्यालय कमलागंज के संयुक्त सहयोग से की गई। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को साबुन, हैंडवॉश पैकेट और स्वच्छता पर्चे वितरित किए गए। शिक्षकों ने विद्यार्थियों से कहा कि वे भोजन से पहले, शौच के बाद और खेल के बाद हाथ अवश्य धोएँ।

# हत्याकांड का फरार आरोपी आकाश रघुवंशी गिरफ्तार

**शिवपुरी।** देहात थाना पुलिस ने वर्ष 2018 में हुए चर्चित किरण गुप्ता हत्याकांड के फरार आरोपी आकाश रघुवंशी को गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी करीब एक वर्ष से पुलिस की गिरफ्त से दूर चल रहा था। थाना प्रभारी जितेंद्र मावई ने बताया कि यह मामला थाना देहात में धारा 302, 394, 397, 450, 120-बी भादवि एवं एमपीडीव्हीपीके एक्ट के तहत दर्ज था। इस हत्याकांड में न्यायालय ने पूर्व में आरोपी अनमोल जैन को आजीवन कारावास और अजय जैन को 10 वर्ष की सजा सुनाई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने 15 अक्टूबर 2025 को आरोपी आकाश रघुवंशी (19) पुत्र चंद्रेश रघुवंशी, निवासी तुलसी नगर, थाना देहात, शिवपुरी को डेहरवारा स्थित उसके होटल के ठिकाने से दबिश देकर गिरफ्तार किया। 12 सितंबर 2018 को राघवेन्द्र नगर कॉलोनी में कपड़ा व्यापारी विजय गुप्ता की पत्नी किरण गुप्ता (40) की उनके घर में गला रेतकर हत्या कर दी गई थी।

बदमाश घर से कीमती सामान लूटकर फरार हो गए थे। जब व्यापारी विजय गुप्ता रात करीब 9 बजे घर लौटे, तो उन्होंने अपनी पत्नी का शव खून से लथपथ फर्श पर पड़ा देखा। इस हत्याकांड से पूरे शहर में सनसनी फैल गई थी।

# तीसरी आँख रखेगी चप्पे-चप्पे पर नजर



**हितेश जैन**
**पोहरी, 15अक्टूबर।** पोहरी नगर परिषद ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पोहरी में नगर के प्रमुख स्थानों पर हाई-क्वालिटी सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। अब नगर के प्रत्येक मुख्य चौराहे, बाजार, बस स्टैंड, स्कूलों के आसपास और संवेदनशील इलाकों में चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाएगी।

सबसे खास बात यह है कि इन कैमरों की लाइव फीड सीधे नगर परिषद कार्यालय और थाना परिसर में देखा जा सकता है। इस सुविधा से किसी भी संदिग्ध गतिविधि या घटना पर तुरंत पुलिस और प्रशासन दोनों द्वारा कार्रवाई संभव होगी।

## अपराधों पर लगेगा लगाम

नगर पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में लगे कैमरों से हर छोटी-बड़ी गतिविधि रिकॉर्ड होगी और आवश्यकता पड़ने पर फुटेज का इस्तेमाल जांच में किया जाएगा। अब अपराधियों के लिए शहर में छिपना या फरार होना मुश्किल हो जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष रश्मि नेपाल धाकड़ ने कहा कि हमारी प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा है। कैमरे अपराध पर अंकुश लगाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे।

लाइव फीड थाने और नगर परिषद कार्यालय दोनों जगह देखने की व्यवस्था होने से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होगी। वहीं नगर परिषद सीएमओ ने बताया कि सभी कैमरों की निगरानी विशेष तकनीकी स्टाफ द्वारा की जाएगी। किसी भी घटना की स्थिति में फुटेज तुरंत पुलिस को भेजी जा सकेगी ताकि अपराधियों तक तुरंत पहुँचा जा सके।

## नगरवासियों ने नगर परिषद अध्यक्ष व सीएमओ का किया आभार व्यक्त

# अवैध पिस्टल, कारतूस और बाइक की जप्त



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 15अक्टूबर।** अमोला पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक अवैध 32 बोर की पिस्टल, छह जिंदा कारतूस और एक पल्सर मोटरसाइकिल सहित करीब दो लाख रुपये का माल जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब, हथियार, गांजा और स्मैक के कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में अमोला थाना प्रभारी उप निरीक्षक अंशुल गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन युवक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सलैया की ओर से अवैध हथियार लेकर शिवपुरी की ओर जा रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा। पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से एक 32 बोर की लोहे की देशी पिस्टल, छह जिंदा कारतूस और पल्सर मोटरसाइकिल (क्र एमपी33जेडजी 3250) बरामद की गई।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में -1. शिवप्रताप सिंह बुंदेला, पुत्र रणबीर सिंह बुंदेला, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम गुढ़ा, थाना गरौठा, जिला झांसी (उ.प्र.), हाल निवासी ग्राम पोठियाई, थाना खनियांधाना, जिला शिवपुरी। 2. गोलू उर्फ निखिल सोनी, पुत्र आनंद सोनी, उम्र 23 वर्ष, निवासी पटैरिया मोहल्ला, बामोरकला, जिला शिवपुरी। 3. कृष्णपाल शर्मा उर्फ टिंकू शर्मा, पुत्र रामजीलाल शर्मा, उम्र 19 वर्ष, निवासी जुंगीपुर, थाना पिछोर, जिला शिवपुरी, हाल अस्पताल चौराहा, खनियांधाना। पुलिस ने तीनों के खिलाफ अपराध क्रमांक 243/25, धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम-

थाना प्रभारी उप निरीक्षक अंशुल गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक सतीश जयंत, सहायक उप निरीक्षक वासुदेव प्रसाद, आरक्षक हीरेन्द्र सिंह, संजीव श्रीवास्तव, मोहित शर्मा, रामनरेश राठौर, अर्जुन रावत और संतोष पाठक की सराहनीय भूमिका रही।

# 70 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 15अक्टूबर।** थाना बैराड पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र जाटव के कब्जे से हाथ भट्टी की बनी देशी कच्ची शराब 70 लीटर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले तथा एसडीओपी पोहरी आनन्द राय के मार्गदर्शन में मुखबिर से सूचना मिली कि सामुदायिक भवन के सामने एक व्यक्ति अपने पास दो नीले रंग की केनों में शराब लेकर खड़ा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बैराड ने टीम तैयार कर सामुदायिक भवन के सामने से आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पकड़े गए आरोपी धर्मेन्द्र पुत्र बाईसराम जाटव, उम्र 21 वर्ष, निवासी शनि मंदिर के पास बैराड के कब्जे से दो नीले रंग की केनों में प्रत्येक केन में 35-35 लीटर हाथ भट्टी की बनी देशी कच्ची शराब बरामद हुई। कुल मात्रा 70 लीटर और कीमत लगभग 7,000 रुपए आंकी गई। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 388/2025, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक सुरेशचन्द्र शर्मा, सउनि सोबरन सिंह सिसोदिया, प्र. आर. 947 इकबाल अहमद, आर. 583 शोभाराम मीणा और चा. आर. 72 मनीष परिहार की विशेष भूमिका रही।

# रॉन्ग साइड से आने वालों को दी चेतावनी, दी समझाइश

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 15अक्टूबर।** बुधवार को यातायात पुलिस ने ठकुरपुरा थीम रोड पर चेकिंग पॉइंट लगाकर रॉन्ग साइड से आने वाले वाहनों पर कार्रवाई की। इस दौरान यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और समझाइश दी।

जानकारी के अनुसार, हैप्पी डेज स्कूल जाने वाले कई अभिभावक और छात्र लगभग 150 मीटर का शॉर्टकट लेने के लिए रॉन्ग साइड का उपयोग करते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पुलिस ने मौके पर ऐसे वाहन चालकों को रोका और सही दिशा में वाहन चलाने की अपील की। अभियान के दौरान पार्षद राजू बाथम भी रॉन्ग साइड से आते हुए मिले, जिन्हें भी यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव ने स्वयं रोककर नियमों का पालन करने की समझाइश दी। रणवीर सिंह यादव ने बताया कि फिलहाल यह अभियान लोगों को जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है, लेकिन भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी।

# हार्ट अटैक से बचाव के लिए दिया सीपीआर का प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 15अक्टूबर।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा हार्ट अटैक के दौरान जीवन रक्षा के लिए सीपीआर पद्धिति का प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक शिविरों का आयोजन आमजन एवं आपात कालीन सेवाओं में जुडे शासकीय कर्मचारियों को सीपीआर का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय ऋषीश्वर ने प्रेस को जारी जानकारी में बताया कि दिल दौरा यानी हार्ट अटैक के दौरान हर मिनिट कीमती होता है। एक मिनिट की देरी जीवन की संभावना में 10 प्रतिशत की कमि ला सकती है। ऐसे में रोगी के जीवन की रक्षा के लिए सीपीआर पद्धिति खासी कारगर साबित होती है। इसलिए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 13 अक्टूबर 2025 17 अक्टूबर 2025 तक सीपीआर जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह के अंतर्गत जिला चिकित्सालय शिवपुरी के आरएमओ डॉ आर पी सिंह द्वारा दसवी वाहिनी विसबल एवं एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र जिला शिवपुरी, जिला अस्पताल में सीपीआर जागरूकता शिविर का आयोजन कर किया।

# पत्रकार को मारने कुर्सी से उठे सीडीपीओ, 15 दिन पूर्व लगाया था आवेदन



**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 15अक्टूबर।** पोहरी परियोजना कार्यालय में मंगलवार को उस समय हंगामा मच गया जब स्थानीय पत्रकार धर्मेन्द्र शर्मा एक पूर्व जनसुनवाई में लगाए गए फर्जी मार्कशीट से हुई नियुक्ति के मामले की जानकारी लेने पहुंचे।

जानकारी के अनुसार, पत्रकार धर्मेन्द्र शर्मा ने कुछ दिन पूर्व जनसुनवाई में एक लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी कि पोहरी परियोजना अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएँ की गई हैं। शिकायत में बताया गया था कि कुछ अभ्यर्थियों ने कक्षा 8वीं, 9वीं, 10वीं और 11वीं की पढ़ाई किए बिना सीधे 12वीं की फर्जी अंकसूची (मार्कशीट) बनवाकर नियुक्ति प्राप्त कर ली है, जो पूर्णत: अवैध है।

मंगलवार को जब पत्रकार धर्मेन्द्र शर्मा इस आवेदन की स्थिति जानने के लिए पोहरी परियोजना अधिकारी अमित यादव के कार्यालय पहुंचे, तो अधिकारी गुस्से में आगबबूला हो गए। और कुर्सी से उठकर पत्रकार को मारने पर उतारू हो गए। उन्होंने पत्रकार से कहा — तूने मेरे खिलाफ आवेदन क्यों दिया? इसके बाद उन्होंने भद्दी-भद्दी गालियाँ दीं, जान से मारने की धमकी दी और कुर्सी से उठकर हाथापाई पर उतर आए। स्थानीय लोगों एवं पत्रकारों ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है।

# 10 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर लिए खाद्य पदार्थों के नमूने

**शिवपुरी।** दीपावली एवं अन्य आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलावट खोरो के विरूद्ध कडी कार्यवाही करते हुए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले खाद्य एवं अपमिश्रण विभाग द्वारा जिले के 10 प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह जिला अभिहित अधिकारी, खाद्य एवं अपमिश्रण डॉ. संजय ऋषीश्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कलेक्टर रवीन्?द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार जिलेभर में खाद्य सुरक्षा निरीक्षकों के द्वारा बाजारों में मिष्ठान भंडार और खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जाकर सभी खाद्य कारोबारियों को अधिनियम के नियमों के अनुरूप स्वच्छता और गुणवत्ता के मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में जिले के विभिन्न कस्बों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाने की कार्यवाही को भी अंजाम दिया गया है। जिसके तहत रतन मिष्ठान भंडार कोलारस की गुजिया लूज, विनोद मिष्ठान भंडार कोलारस की मावा बर्फी लूज, राज मिष्ठान भंडार कोलारस की सोन पापड़ी, खाटू श्याम दूध भंडार बैराड़ का खुला पनीर, बालाजी मिष्ठान भंडार बैराड़ की गुजिया लूज, दही लूज, मावा बर्फी, भगत जी मिष्ठान भंडार बदरवास के मावा पेड़ा एवं नमकीन सेब, राधिका डेयरी करेरा का दूध खुला, पनीर खुला, बीकानेर मिष्ठान करेरा का मावा बर्फी, केडबरी सेलिब्रेशन, पाराशर मावा भंडार शिवपुरी का खुला मावा तथा जैन मावा भंडार शिवपुरी का खुला मावा के नमूने सम्मिलित हैं। सभी नमूनों को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल में परीक्षण हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# ऊर्जा मंत्री तोमर सेवा नगर-रमटापुरा सड़क मार्ग का लोकार्पण करेंगे

**ग्वालियर 15 अक्टूबर।** उप नगर ग्वालियर में जुड़ रहे विकास कार्यों की श्रृंखला में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गुरुवार 16 अक्टूबर को सुबह 10 सेवा नगर से रमटापुरा की पुलिया तक नव निर्मित सड़क मार्ग का लोकार्पण करेंगे।

# नाम संशोधन संबंधी अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित

**ग्वालियर।** आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय अब कार्यालय आयुक्त, भू-संसाधन प्रबंधन के नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन संबंधी अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में गत 26 अगस्त को प्रकाशित कर दी गई है। सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों से अब कार्यालय आयुक्त, भू-संसाधन प्रबंधन के नाम से पत्राचार करने एवं पद मुद्रा में अंकित करने के लिये कहा गया है।

# नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

**शिवपुरी।** जिले में नशे के दुष्प्रभावों की रोकथाम, अवैध नशीली दवाओं के नियंत्रण एवं जन जागरूकता के लिए नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन की जिला स्तरीय समिति की बैठक आज कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, एसडीएम शिवपुरी आनंद राजावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर चौधरी ने जिले की भौगोलिक स्थिति, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों, तथा नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए ठोस और चरणबद्ध रणनीति आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने तीन चरणों की कार्ययोजना प्रस्तुत की पहला चरण के तहत नशे की शुरुआत को रोकने हेतु विद्यालयों में निबंध, चित्रकला, शपथ एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में जागरूकता लाए। दूसरा चरण के तहत समाज में नशा करने वालों को सुधारने और नशा छोड़ने हेतु प्रेरित करें तथा तीसरा चरण के अंतर्गत उन लोगों को नशा मुक्ति केंद्रों से जोड़ने का, जो नशे की लत में गहराई तक जा चुके हैं। कलेक्टर श्री चौधरी ने निर्देश दिए कि विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों के समीप सिगरेट, गुटखा जैसी नशीली वस्तुओं की बिक्री करने वाली दुकानों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है, जिसके लिए जनभागीदारी अनिवार्य है।

# वन अमले ने की अतिक्रमण रोकथाम एवं बेदखली कार्रवाई





**नवभारत न्यूज**
**करैरा, 15अक्टूबर।** वनमंडल अधिकारी शिवपुरी सुधांशु यादव के द्वारा जारी वेदखली आदेश एवं उप वनमंडल अधिकारी श्री आदित्य सांडिल के निर्देश मे आज दिनांक 15/10/25 को सब रेंज खोड़ स्थित राधा स्वामी सत्संग जोकि बीट दरगाह के क्रम 398 मे अवैधानिक तरीके से बनाया गया था, यहाँ बने निर्माण स्ट्रक्चर एवं तार पेंसिग को हटाया गया तथा पास की लगी हुई वन भूमि में पेट्रोल पंप खोड़ के मालिक श्री दिनेश खेड़ा द्वारा भी दीवार खड़ी कर नया अतिक्रमण का प्रयास किया गया था जिसको वन अमले के द्वारा विफल कर दिया गया, इस दौरान दिनेश खेड़ा के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा भी उत्पन्न की गई एवं वन कर्मचारियों को देख लेने की धमकी दी गई, वन अमले की कार्रवाई में परिक्षेत्र अधिकारी लक्ष्मण सिंह मीणा के अलावा डिप्टी रेंजर कुलदीप गौर बलिराम अहिरवार, राजाराम करेतिया, शिमला मसराम उड़न दस्ता प्रभारी तुलसीराम चोपड़ा वनरक्षक कुणाल शर्मा, संदीप शर्मा, शैलेन्द्र चौहान, विनय बाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

# सुबह 5 बजे से ही डीएम व एसएसपी मैदान में

ग्वालियर 15 अक्टूबर। ग्वालियर शहर सहित संपूर्ण जिले में आज पूरी तरह शांति, अमन चैन व सोहार्दपूर्ण वातावरण है। लोग अपने नित्य प्रत्य के कामों एवं दीपावली त्यौहार की तैयारी में जुटे हैं। एहतियातन कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी आज सुबह 5:00 बजे से ही मैदान में पहुंच गए हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन व पुलिस के संयुक्त दल अपने - अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहे हैं। जिले की सीमाओं पर वाहनों की बारीकी से जाँच की जा रही है। एहतियातन ग्वालियर जिले की सीमाओं सहित सम्पूर्ण जिले में जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा कानून -व्यवस्था एवं शांति बनाये रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और चप्पे -चप्पे पर नज़र रखी जा रही है। बीते दिनों विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आई अफवाह व भ्रामक खबरों को ध्यान में रखकर एहतियातन सुरक्षा के यह इंतजाम किए गए हैं।